मेरी पहचान मेरा खाटू वाला

सुनलो दुनियाँ वालों सबको देता हूं पैगाम
मेरी पहचान मेरा खाटू वाला श्याम............

जब से मैन जन्म लिया , थे सब मुझसे अंजान
जब बाबा की शरण मिली , तो बनी मेरी पहचान
हरदम मेरे होठो पे , रहता है ये ही नाम
मेरी पहचान मेरा खाटू वाला श्याम............

रहती मेरी इच्छा ये ही , बाबा के गुण गऊँ
श्याम धणी के कीर्तन में , खुद नाचूँ और नचाऊँ
ताली सबसे बजवाऊँ , करने ना दूँ आराम
मेरी पहचान मेरा खाटू वाला श्याम............

जब जब देखे भक्त मुझे तो , बोले श्याम दीवाना
दिल से चाहता है हर कोई , मुझको गले लगाना
सारे जग से न्यारा लागे , प्यारा खाटू धाम
मेरी पहचान मेरा खाटू वाला श्याम............

कृपा बरसे श्याम प्रभु की , ऐसे भजन सुनाऊँ
हो सबकी पहचान तुमही से , ये ही दिल से चाहूँ
भूलन त्यागी कहे बनावे , सबके बिगड़े काम
मेरी पहचान मेरा खाटू वाला श्याम............

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/19832/title/meri-pehchan-mera-khatu-vala-shyam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |